# ग्रेनो में ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए 15 जगह चिह्नित

## पीपीपी मॉडल पर होगा संचालन, कंपनियों से मांगे आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। शहर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज करने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि ग्रेनो प्राधिकरण ने 15 चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए जगह चिह्नित कर ली हैं। फार्म से लेकर अल्फा दो और अन्य मुख्य स्थानों पर ये ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेगा। पीपीपी मॉडल पर इनका संचालन होगा। प्राधिकरण ने अनुरोध का प्रस्ताव (आरएफपी) जारी करेगा।

**हर स्टेशन पर होंगे तीन चार्जिंग पॉइंट :** अफसरों ने बताया कि हर स्टेशन पर तीन चार्जिंग पॉइंट होंगे। जो कंपनी स्टेशन का संचालन करेगी। उसी पर निर्माण, रख-रखाव की जिम्मेदारी होगी। कंपनी का चयन करने के लिए अनुरोध का प्रस्ताव (आरएफपी) तैयार कर लिया गया है।

### अन्य शहरों में होगा ईवी चार्जिंग स्टेशन का अध्ययन

प्राधिकरण ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने से पहले अन्य शहरों के स्टेशन का अध्ययन करेगा, ताकि ग्रेटर नोएडा में इस सुविधा को बेहतर बनाया जा सके। वहां की बेहतर व्यवस्था को अपनाया जाएगा। जल्द ही प्राधिकरण टीम एक-दो शहरों में स्टडी करने जाएगी।

### यहां बनेंगे चार्जिंग स्टेशन

■ सेक्टर अल्फा-2 ■ जगत फार्म ■ अल्फा-1 कॉमर्शियल बेल्ट ■ नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे, जिम्स ■ एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी ■ इंडिया एक्सपो मार्ट ■ सिटी पार्क ■ डेल्टा-1 ■ अंसल प्लाजा मॉल ■ गामा-1 ■ यूपी रेरा कार्यालय ■ नॉलेज पार्क-2 में एनआईईटी कॉलेज और शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेंगे।